To Repair the Roads

8. Sh. BHARAT BHUSHAN BATRA (Rohtak):-

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that all roads of Sector 1, 2, 2A, 3 and 4 of HSVP in Rohtak have been damaged; and

b) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the abovesaid roads; if so, the time by which the said roads are likely to be repaired?

Dr. Kamal Gupta, Urban Local Bodies Minister

a) Sir, Commissioner Municipal Corporation Rohtak has submitted that some of internal roads of Sector-1, 2, 3 and 4 of HSVP in Rohtak are not in good condition. For this purpose, Municipal Corporation Rohtak has empanelled three agencies on 10.01.2023 in order to fill the potholes with Jet Patcher technique. The work of filling potholes is in progress.

b) Municipal Corporation Rohtak has awarded works amounting to Rs. 42.85 lacs for the repair of internal roads of sector 1, 2, 2A, 3 and 4 of HSVP with jet patcher technique which will be completed till 31.03.2023.

सड़कों की मरम्मत

8. **श्री भारत भूषण बत्रा (रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 1, 2, 2—ए, 3 तथा 4 की सभी सड़के क्षतिग्रस्त हो गई हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; यदि हां, तो उक्त सड़कों के कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है?

डा0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) श्रीमान जी, आयुक्त नगर निगम रोहतक ने प्रस्तुत किया है कि रोहतक में एच.एस.वी.पी के सेक्टर —1, 2, 3 और 4 की कुछ आंतरिक सड़कें अच्छी स्थिति में नहीं हैं। इसके लिए नगर निगम रोहतक ने जेट पैचर तकनीक से गड्ढों को भरने के लिए 10.01.2023 को तीन एजेंसियों को सूचीबद्ध किया है। गड्ढों को भरने का कार्य प्रगति पर है।

(ख) नगर निगम रोहतक द्वारा एच.एस.वी.पी. के सेक्टर 1, 2, 2ए, 3 और 4 की आंतरिक सड़कों का जेट पैचर तकनीक द्वारा मरम्मत करवाने के कार्य 42.85 लाख रुपये सें आंवटित किए हैं, जो कि 31.03.2023 तक पूर्ण किये जाएगे।